दिन– गुरूवार

दिनांक– 19 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल साउथ को सशक्त बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लोकतंत्रीकरण का किया आह्वान।

02 शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – राज्य में रिकॉर्ड संख्या में की गयी है शिक्षकों की बहाली।

03. राज्य में बिना अनुमति डीजे बजाने पर लगेगी रोक। ग्रामीण विकास और परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने विधान परिषद में की घोषणा।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के सुपर–एट चरण के मुकाबले शनिवार से शुरू। भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे से होगा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा कि इसे विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट दो हजार छब्बीस का उद्‌घाटन करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

–––बाइट–––

एआई के लिए इंसान सिर्फ डाटा पॉइंट न बन जाए, इंसान सिर्फ रॉ मटीरियल तक सीमित न रह जाए, इसलिए एआई को डेमोक्रेटाइज करना होगा। इसे इंक्लूजन और एम्पावरमेंट का माध्यम बनाना होगा और विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि भारत न केवल नई तकनीकों का विकास कर रहा है बल्कि उन्हें तेजी से अपना भी रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत और ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है कि नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन किया जा रहा है।

–––बाइट–––

इस समिट का भारत में होना, भारत के साथ ही पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है। दुनिया के कोनेदृकोने से यहां आए महानुभाव, इसकी सफलता को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। इसमें यंग जनरेशन की जो उपस्थिति हमने देखी है, वो एक नया विश्वास पैदा करती है।

---

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के तेरहवें दिन आज विधानसभा में शिक्षा विभाग का छह सौ दो अरब चार करोड़ साठ लाख पंचानवे हजार रुपये का बजट चर्चा के बाद पारित किया गया। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधानसभा में विभागीय बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि राज्य में शिक्षकों की नियुक्ति मिशन मोड में की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश में एक रिकॉर्ड है।

———बाइट———

शिक्षा मंत्री ने कहा कि उन्नत शिक्षा, उज्ज्वल भविष्य के लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्य सरकार मध्याह्न भोजना व्यवस्था को और मजबूत कर रही है।

———बाइट———

इससे पहले, विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि राज्य में किसान रजिस्ट्रेशन का कार्य अभियान के तहत चलाया जा रहा है। विधानसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री यादव ने कहा कि शेष बचे किसानों को रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि किसी किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित नहीं किया जाएगा।

———बाइट———

एआईएमआईएम के सदस्यों ने मदरसा शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर सदन में प्रश्न रखा और इस पर बहस की बात की। वहीं, राजस्व और भूमि सुधार विभाग से जुड़े एक प्रश्न का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सुधारों का अभियान जारी रहेगा।

---

विधान परिषद की कार्यवाही आज हंगामेदार रही। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति और मैट्रिक छात्रा की आत्महत्या मामले को लेकर राजद सदस्यों ने सदन के बाहर और अंदर हंगामा और प्रदर्शन किया। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने कहा कि मैट्रिक छात्रा की मौत के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं देने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

———बाइट———

इधर, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि यह घटना दुखद है। उन्होंने कहा कि देर से आने वाले छात्रों को प्रवेश देने के मुद्दे की समीक्षा की जाएगी।

---

ग्रामीण विकास और परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि राज्य को डीजे मुक्त बनाया जाएगा। विधान परिषद में निर्दलीय पार्षद वंशीधर ब्रजवासी के प्रश्न के उत्तर में श्री कुमार ने कहा कि पंद्रह दिनों के अंदर बिना अनुमति डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस चल रहे डीजे वाहनों को जब्त किया जाएगा। साथ ही विशेष अभियान चलाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले लोगों के खिलाफ नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---बाइट---

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने पटना के वीरचंद पटेल स्थित विधायकों के लिए नवनिर्मित आवासीय सुविधाओं को लेकर एक समीक्षा बैठक की। एक सौ सोलह विधायकों को नवनिर्मित आवासीय परिसर में आवास आवंटित हो चुके हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने नवनिर्मित आवासीय परिसर में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश दिये।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय झा ने कहा है कि सोलह मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव में प्रदेश की सभी पांच सीटों पर एनडीए की जीत होगी। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री झा ने कहा कि जदयू की दो सीटे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार इन दोनों सीटों पर उम्मीदवारों का फैसला करेंगे।

---बाइट---

---

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय में मंत्रालय के राष्ट्रीय चिंतन शिविर, **भागीदारी से भाग्योदय** का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री रिजिजू ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से जुड़े विभिन्न पहलों–पीएमजेवीके के तहत निगरानी ऐप, हज स्मार्ट रिस्ट बैंड और एआई चैटबॉट का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के बाद श्री रिजिजू ने राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी का भ्रमण किया।

---

लालू प्रसाद के बड़े पुत्र और जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव की आज जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई। सीबीआई की अपील पर तेज प्रताप यादव के खिलाफ आरोप तय किये जाने से जुड़ी सुनवाई के सिलसिले में यह पेशी हुई है। गौरतलब है कि इस मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, सांसद मीसा भारती समेत अन्य आरोपियों पर पहले ही आरोप तय कर दिये गये हैं।

---

पटना उच्च न्यायालय ने पक्ष और विपक्ष के बयालीस विधायकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इन सभी पर हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने और चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप लगे हैं। इनमें विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, राजद विधायक अमरेंद्र प्रसाद के नाम भी शामिल हैं।

---

होली के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने जमालपुर और सहरसा के बीच विशेष मेमू ट्रेन का परिचालन जारी रखने का निर्णय किया है। पूर्व रेल ने विज्ञप्ति में कहा है कि विशेष मेमू ट्रेन एक मार्च से इकतीस मार्च तक निर्धारित मार्ग पर तय समय सारणी के अनुसार चलेगी। वहीं, रेलवे ने पुणे, मुंबई, अहमदाबाद, श्रीगंगानगर समेत देश के विभिन्न शहरों से बिहार के विभिन्न स्थानों के लिए भी त्योहार  विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय किया है।

---

बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के तीसरे दिन आज दोनों पालियों में द्वितीय भाषा की परीक्षा आयोजित की गयी। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक परीक्षा का आयोजन किया गया। कल सामाजिक अध्ययन की परीक्षा ली जाएगी।

---

रमज़ान का पवित्र महीना आज से शुरू हो गया। आज पहला रोजा रखा गया। रमज़ान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है और इस महीने के अंत में ईद–उल–फितर

का त्योहार मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं हैं। इधर, प्रदेश के विभिन्न भागों में रमजान को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गयी है। लोग सेहरी और इफ्तार की सामग्री खरीदने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

---

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के सुपर–एट चरण के मुकाबले शनिवार से शुरू होंगे। ग्रुप–वन में भारत, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीमें हैं। जबकि ग्रुप–टू में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें हैं। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के क्वालीफाई करेंगी।

इधर, आज लीग मुकाबले में वेस्टइंडीज ने ईटली को बयालीस रन से हरा दिया। वहीं, कोलंबों में खेले गए दूसरे मैच में जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को छह विकेट से पराजित कर दिया। इस समय चेन्नई में अफगानिस्तान और कनाडा के बीच मैच खेला जा रहा है। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो के नुकसान पर बहत्तर रन बना लिये हैं।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर आज नामांकन पत्रों की जांच की गयी। विश्वविद्यालय के चुनाव अधिकारी शंकर प्रसाद ने बताया कि इक्कीस फरवरी को अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। मतदान अट्ठाईस फरवरी को होगा।

---

अररिया जिले में होने वाले उनहत्तर पैक्सों के चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। जिलाधिकारी विनोद दुहन ने आज इस संबंध में एक बैठक की।

---

कैमूर जिला मुख्यालय भभुआ के जगजीवन स्टेडियम में जिला स्तरीय नियोजन मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न कंपनियों ने तीन सौ छियालीस युवाओं का चयन किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल साउथ को सशक्त बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लोकतंत्रीकरण का किया आह्वान।

02 शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – राज्य में रिकॉर्ड संख्या में की गयी है शिक्षकों की बहाली।

03. राज्य में बिना अनुमति डीजे बजाने पर लगेगी रोक। ग्रामीण विकास और परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने विधान परिषद में की घोषणा।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के सुपर–एट चरण के मुकाबले शनिवार से शुरू। भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे से होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।